# NETFLIX IN $82.7BN WARNER BROS. POWER PLAY

***The $82.7 billion acquisition underscores Netflix's ambition to pair scale with legacy storytelling as Hollywood braces for its biggest shake-up in decades.***

In a landmark move set to redefine the global media and entertainment landscape, Netflix has agreed to acquire Warner Bros. and HBO Max from Warner Bros. Discovery (WBD) in a transaction valued at $82.7 billion, including debt. The deal, unanimously approved by the boards of both companies, is expected to close within 12-18 months, following WBD's planned spin-off of its Discovery Global TV networks division in Q3 2026.

# 82.7BN डॉलर में वार्नर ब्रदर्स का अधिग्रहण करेगा नेटफ्लिक्स

***$82.7 बिलियन का यह अधिग्रहण नेटफ्लिस्क की उस इच्छा को दिखाता है कि वह बड़े पैमाने पर कहानी कहने साथ-साथ पुरानी कहानियों को भी दिखाये, क्योंकि हॉलीवुड दशकों में अपने सबसे बड़े बदलाव के लिए तैयार है।***

ग्लोबल मीडिया और मनोरंजन की दुनिया को बदलने वाले एक बड़े कदम में, नेटफ्लिस्क ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्लूबीडी) से वार्नर ब्रदर्स और एचबीओ मैक्स को खरीदने के लिए हां कर दिया है। इस सौदे की कीमत **82.7** बिलियन डालर है, जिसमें कर्ज भी शामिल है। दोनों कंपनियों के बोर्ड इस सौदे को एकमत से मंजूरी दे दी है। उम्मीद है कि यह सौदा **12–18** महीने में पूरा हो जायेगा। इसके बाद डब्लूबीडी **2026** की तीसरी तिमाही में अपने डिस्कवरी ग्लोबल नेटवर्क विभाग को अलग करने की योजना बना रहा है।




The acquisition brings together Netflix's global streaming dominance with Warner Bros.' century-long legacy in film, television and gaming. Under the terms of the agreement, WBD shareholders will receive $27.75 per share, comprising $23.25 in cash and $4.50 in Netflix stock. The equity value of the deal stands at $72 billion.

Netflix co-CEO Ted Sarandos acknowledged the significance of the move, noting that the company has traditionally favored organic growth over acquisitions.

इस अधिग्रहण से नेटफ्लिस्क का ग्लोबल स्ट्रीमिंग दबदबा, वार्नर ब्रदर्स की फिल्म टेलीविजन और गेमिंग में **100** साल पुरानी विरासत के साथ जुड़ जायेगा। समझौते के शर्तों के तहत, डब्लूबीडी के शेयरहोल्डरों को हर शेयर पर **$22.75** मिलेंगे, जिसमें **23.25** नकद और **$4.50** नेटफ्लिस्क स्टॉक में होंगे। इस सौदे की इक्विटी वैल्यू **$72** बिलियन है।

नेटफ्लिस्क के को–सीईओ टेड सारंडोस ने इस कदम की अहमियत को माना, और कहा कि कंपनी पारंपरिक रूप से अधिग्रहण के बजाय ऑर्गेनिक विकास को पसंद करती रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वार्नर ब्रदर्स के

However, he said the Warner Bros. assets offer strategic depth that aligns with Netflix's long-term ambitions. Netflix plans to maintain Warner Bros.' existing studio operations, including theatrical film releases, and will initially operate HBO Max as a standalone streaming service while integrating HBO and Warner Bros. content into Netflix's broader offering.

The combined entity is expected to generate annual cost synergies of \$2-3 billion by its third year, with the transaction projected to be earnings-accretive by year two. In addition to its film and television studios, Netflix will also acquire Warner Bros. Games, adding further scale to its entertainment ecosystem.

The deal pools some of the most valuable intellectual property in the industry, combining franchises such as Game of Thrones, Harry Potter, the DC Universe and The Sopranos with Netflix originals including Stranger Things, Bridgerton, Wednesday and Squid Game. Executives from both companies framed the merger as an opportunity to expand creative output, increase production capacity and offer talent access to larger global audiences.




**TED SARANDOS**
*CO-CEO*, NETFLIX

However, the transaction faces regulatory scrutiny, particularly around antitrust concerns given Netflix's scale, with over 300 million global subscribers. The agreement includes a \$5.8 billion breakup fee should regulatory approvals fail under certain conditions. Industry groups representing filmmakers and cinema operators have also voiced concerns about the impact on theatrical distribution.

Despite these challenges, Netflix insists the acquisition will strengthen the entertainment industry by driving long-term investment in content and jobs. As streaming consolidation accelerates, the Netflix-Warner Bros. deal may well mark the beginning of a new chapter in how stories are created, distributed and consumed worldwide.■

एसेट्स रणनीतिक गहराई देते हैं जो नेटफ्लिक्स के लंबे समय के लक्ष्यों के साथ मेल खाते हैं। नेटफ्लिक्स की योजना वार्नर ब्रदर्स मौजूदा स्टूडियो संचालन को बनाये रखने का है, जिसमें थियेटर में फिल्म रिलीज भी शामिल है, और शुरूआत में एचबीओ मैक्स को एक स्टैंडअलोन स्ट्रीमिंग सेवा के तौर पर चलाया जायेगा, जबकि एचबीओ और वार्नर ब्रदर्स के कंटेंट को नेटफ्लिक्स की बड़ी पेशकश में एकीकृत करेगा।

उम्मीद है कि मिली–जुली कंपनी अपने तीसरे साल तक **\$2–3** बिलियन की सालाना कॉस्ट सिनर्जी जेनरेट करेगी, और इस ट्रांजैक्शन से दूसरे साल तक कमाई बढ़ने का अनुमान है। अपने फिल्म और टेलीविजन स्टूडियो के अलावा, नेटफ्लिक्स वार्नर ब्रदर्स गेम्स को भी अधिकृत करेगा, जिससे उसके मनोरंजन इकोसिस्टम में बढ़ोतरी होगी।

इस सौदे में उद्योग की कुछ सबसे कीमती इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी शामिल है, जिसमें गेम्स ऑफ थ्रोन्स, हैरी पॉटर, डीसी यूनीवर्स और द सोप्रानोस जैसी फ्रैंचाइजी को नेटफ्लिक्स ऑरिजनल्स जैसे स्ट्रेंजर थिंग्स, बिजर्टन, वेडनेसडे और स्क्विड गेम के साथ मिलाया गया है। दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने इस विलय को क्रिएटिव आउटपुट बढ़ाने और टैलेंट को दुनिया भर के बड़े दर्शकों तक पहुंचाने का मौके के तौर पर देखा है।

लेकिन इस ट्रांजैक्शन को रेगुलेटरी जांच का सामना करना पड़ रहा है, खासकर नेटफ्लिक्स के बड़े लेवल को देखते हुए एंटीट्रस्ट चिंताओं को लेकर, जिसके दुनियाभर में **300** मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इस समझौते में \$5.8 बिलियन की ब्रेकअप शुल्क भी शामिल है, अगर कुछ शर्तों के तहत रेगुलेटरी अनुमति फेल हो जाती है। फिल्म बनाने वालों और सिनेमा ऑपरेटरों के प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग ग्रुप्स ने भी थियेटर वितरण पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता जताई है।

इन चुनौतियों के बावजूद नेटफ्लिक्स का कहना है कि यह अधिग्रहण मनोरंजन उद्योग को मजबूत करेगा, क्योंकि इससे कंटेंट और नौकरियों में लंबे समय का निवेश होगा। जैसे–जैसे स्ट्रीमिंग कंसोलिडेशन तेज होगा, नेटफ्लिक्स–वार्नर ब्रदर्स समझौता दुनिया भर में कहानियों को बनाने, बांटने और इस्तेमाल करने के तरीके में एक नये अध्याय की शुरूआत कर सकती है। ■